## इंदौर के कलाकारों की जीवंत झांकियां बनीं कौतूहल का केंद्र

# बापू चौक पर चार दशक से रोशन है आस्था का दीप

### 1986 में करीमुल्ला खान द्वारा बोया गया भक्ति का बीज आज बना वटवृक्ष

अमलाई। शहडोल और अनूपपुर जिले की सीमा पर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित बापू चौक, बरगवां रोड इन दिनों किसी महाकुंभ सा नजर आ रहा है। मौका है चार दशकों की गौरवशाली परंपरा और अटूट लोक-आस्था के प्रतीक बन चुके ऐतिहासिक दुर्गा उत्सव का। यहां युवा जागृति मंच के बैनर तले सजने वाला मां दुर्गा का दरबार इस बार अपने सफर के 40वें स्वर्णिम वर्ष में प्रवेश कर चुका है। साम्प्रदायिक सद्भाव और सनातन संस्कृति की अनूठी मिसाल पेश करने वाले इस आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि अगर नीव सच्ची श्रद्धा और समर्पण से रखी जाए, तो वह समय के साथ एक विशाल जन-आंदोलन और संस्कृति का पर्याय बन जाती है।









### करीमुल्ला खान ने रखी थी इस महायज्ञ की नींव

आज से ठीक चार दशक पहले, यानी वर्ष 1986 में इस ऐतिहासिक आयोजन की शुरुआत हुई थी। इसकी इबारत किसी और ने नहीं, बल्कि युवा जागृति मंच के प्रथम अध्यक्ष करीमुल्ला खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर लिखी थी। उस दौर में जब संसाधनों की कमी थी, तब अमलाई के बापू चौक पर मां दुर्गा की स्थापना कर जो परंपरा शुरू की गई थी, उसने धीरे-धीरे क्षेत्र की सांस्कृतिक धडक़न का रूप ले लिया। शुरुआती दौर के पन्नों को पलटें तो पश्चिम बंगाल के हुनरमंद कलाकारों द्वारा कपड़े से तराशकर बनाए गए विशालकाय और भव्य मंदिरनुमा पंडाल लोगों के लिए बड़े अचरज और आकर्षण का विषय हुआ करते थे। वक्त के पहिए के साथ आयोजन का कलेवर बदलता गया, कभी यहां माता वैष्णो देवी की अलौकिक गुफाओं के दर्शन हुए, तो कभी शिरडी वाले साईं बाबा के दरबार की सजावट ने भक्तों का मन मोह लिया। रामायण और कृष्ण लीलाओं के विभिन्न जीवंत प्रसंगों ने इस उत्सव को हमेशा कुछ नया करने की प्रेरणा दी।

### इंदौर के कलाकारों की चार चल झांकियां

इस बार अपने चालीसवें पड़ाव पर इस उत्सव ने भव्यता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए इस बार मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के नामचीन कलाकारों को बुलाया गया है, जिन्होंने अपनी कला के जादू से चार भव्य चल झांकियां तैयार की हैं। इन झांकियों का दीदार करने के लिए दूर-दूर से लोग खिंचे चले आ रहे हैं।



**प्रथम झांकियां:** देवाधिदेव महादेव का दरबार- पहाड़ नुमा भव्य संरचना के भीतर प्रवेश करते ही सबसे पहले आदिदेव भगवान शिव के दर्शन होते हैं। नरमुंडों की माला धारण किए भोलेनाथ का यह मायावी स्वरूप और पास ही स्थापित पवित्र शिवलिंग श्रद्धालुओं को क्षणभर के लिए कैलाश पर्वत का अहसास कराता है।

**द्वितीय झांकी:** यशोदा मैया का वात्सल्य- थोड़ा आगे बढऩे पर द्वापर युग की वह पावन बेला जीवंत हो उठती है, जब मैया यशोदा अपने लाल बालकृष्ण को आंचल की छांव में समेटे वात्सल्य भाव से झूम रही हैं। मैया द्वारा कान्हा को झुलाए जाने का यह सजीव दृश्य हर माँ के हृदय को द्रवित कर रहा है।

**तृतीय झांकी:** लल्ला कृष्ण की बाल लीलाएं- तीसरी चल झांकी में भगवान श्रीकृष्ण की नटखट लीलाओं का अद्भुत संसार सजा है। मटकी से मक्खन चुराते कान्हा, बांसुरी की धुन और घूमती हुई कलात्मक संरचनाएँ बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

**चतुर्थ झांकी:** प्रभु श्रीराम का पुष्पक विमान- इस कड़ी की अंतिम और अत्यंत मनमोहक झांकी रामायण काल के उस स्वर्णिम क्षण को दर्शाती है, जब प्रभु राम पुष्पक विमान पर सवार होकर अयोध्या की ओर लौट रहे हैं।



विमान की उत्कृष्ट कारीगरी और कलात्मक बनावट लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही है। इन चारों चल झांकियों के मनोहारी पड़ाव को पार करते ही मुख्य पंडाल में जगत जननी मां दुर्गा की भव्य और दिव्य प्रतिमा विराजमान है, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ अनवरत पूजा-अर्चना जारी है।

### दूधिया रोशनी में नहाया बापू चौक

पूरे उत्सव परिसर को आधुनिक और रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से पाट दिया गया है। जैसे ही शाम ढलती है, बापू चौक का पूरा इलाका दूधिया और सतरंगी रोशनी में जगमगा उठता है। भव्य प्रवेश द्वार और प्रकाश की कलात्मक छटा देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो धरती पर ही देवलोक उतर आया हो। भौगोलिक दृष्टि से यह स्थान शहडोल और अनूपपुर की सीमा पर होने के कारण यहां दोनों जिलों के मेल का अनूठा नजारा दिखता है। चतुर्थी की तिथि आते ही यहां जो जनसैलाब उमडऩा शुरू होता है, वह दशहरे तक अनवरत जारी रहता है। बुढ़ार, धनपुरी, अनूपपुर, कोतमा, भालूमाड़ा, राजेंद्रग्राम, यहां तक कि दूरस्थ उमरिया और चंदिया अंचल से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन और इन भव्य झांकियों को देखने पहुंच रहे हैं। पंडाल के आस-पास विशाल मेले जैसा माहौल है, जहां बच्चों के खिलौनों से लेकर खान-पान की दुकानों तक भारी रौनक है।

### 150 युवाओं की टोली, जो संभाले हुए है आस्था की कमान

किसी भी आयोजन की सफलता उसके पीछे काम करने वाले समर्पित हाथों पर टिकी होती है। युवा जागृति मंच के वर्तमान अध्यक्ष राज शिवकुमार कहार के कुशल नेतृत्व में यह पूरा महायज्ञ संचालित हो रहा है। उनके साथ मनोज गर्ग, राजकुमार कर, अशोक सिसोदिया, नीरज गुप्ता, नीरज केसरवानी समेत लगभग 150 ऊर्जावान युवाओं की टोली दिन-रात एक करके व्यवस्थाओं को संभाले हुए है। पूजा-पाठ के विधान से लेकर यातायात नियंत्रण, सुरक्षा और आगंतुकों के सत्कार तक— हर मोर्चे पर इन युवाओं का सेवाभाव देखते ही बनता है। चार दशक लंबी इस विकास यात्रा ने यह साबित कर दिया है कि बापू चौक का यह दुर्गोत्सव अब किसी एक समिति का आयोजन नहीं रहा, बल्कि यह इस पूरे अंचल की सांस्कृतिक पहचान और लोक-आस्था की वह पावन धारा बन चुका है, जो आने वाली पीढ़ियों को संस्कृति से जो? रखने का काम कर रही है। माँ दुर्गा के चरणों में झुका यह शहर आज भी भक्ति, शक्ति और सद्भाव की अनूठी मिसाल पेश कर रहा है।



## एसईसीएल बैठकों में अब विनय सिन्हा करेंगे प्रतिनिधित्व

### क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण और विकास को मिलेगी गति



**धनपुरी।** सोहागपुर क्षेत्र में क्षेत्रीय समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने और उनके निराकरण की दिशा में पहल करते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने विनय सिन्हा को एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र से संबंधित बैठकों के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में उन्होंने 15 अक्टूबर 2026 को महाप्रबंधक, एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र, धनपुरी के नाम पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार वार्ड क्रमांक-21, बाजार रंगमंच, धनपुरी निवासी विनय सिन्हा, पिता स्वर्गीय शिवशम्भू दयाल सिन्हा, उन बैठकों में सांसद की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे, जिनमें सांसद स्वयं उपस्थित नहीं रह सकेंगी। वे इन बैठकों में उपस्थित होकर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखेंगे तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल करेंगे।

इस नियुक्ति से क्षेत्र की जनसमस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और उनके समाधान की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। समस्याएं दूर होंगी, विकास को गति मिलेगी की भावना के साथ यह पहल क्षेत्र के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एसईसीएल क्षेत्र में रोजगार, बुनियादी सुविधाओं, स्थानीय विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर होने वाली बैठकों में प्रतिनिधि की सक्रिय भागीदारी से समस्याओं के निराकरण का रास्ता आसान हो सकता है। सांसद हिमाद्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों से विनय सिन्हा को बैठकों में उचित सम्मान एवं स्थान प्रदान करने का अनुरोध किया है, ताकि वे सांसद के प्रतिनिधि के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर, एसईसीएल बिलासपुर के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक तथा सोहागपुर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को भी सूचनार्थ भेजी गई है। अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि इस पहल से उनकी समस्याओं को उचित मंच मिलेगा और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## इंजीनियर संतोष लोहानी बने परामर्शदात्री समिति के सदस्य



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद-सह-सभापति इंजीनियर संतोष लोहानी को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है, उन्हें शहडोल की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अनुशंसा पर शहडोल संसदीय क्षेत्र से सदस्य मनोनीत किया गया है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के महाप्रबंधक के अनुमोदन से परामर्शदात्री समिति की नई कार्यकारिणी जारी की गई है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, बिलासपुर द्वारा इंजीनियर संतोष लोहानी को पत्र भेजकर उनके मनोनयन की आधिकारिक जानकारी दी गई है। समिति की नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 अगस्त 2028 तक रहेगा। परामर्शदात्री समिति रेलवे की एक महत्वपूर्ण परामर्शदात्री समिति है, जो रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखने तथा उनके निराकरण के लिए सुझाव देने का कार्य करती है। समिति के माध्यम से यात्री सुविधाओं के विस्तार, रेलवे सेवाओं में सुधार और यात्रियों की आवश्यकताओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाती है। समिति के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक तथा सचिव वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक होते हैं।इंजीनियर संतोष लोहानी के मनोनयन से क्षेत्र के रेल यात्रियों को अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं को रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम मिलेगा। उनसे अपेक्षा की जा रही है कि वे अपने अनुभव एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के माध्यम से रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा रेलवे सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।




## प्रतिभागी छात्र-छात्राएं प्रमाण-पत्र एवं मेडल से सम्मानित



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत सुशासन सेवा संवाद एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माननीय कुलगुरु प्रो. रामशंकर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जी. एस. सांडया ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने संक्षिप्त वीडियो के माध्यम से अभियान के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यों एवं उनकी सक्रिय सहभागिता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा-भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, जन-जागरूकता तथा सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करना रहा।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने सेवा संकल्प अभियान के सफल आयोजन पर सभी संबंधितों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों की सहभागिता की सराहना करते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ एवं प्रो. प्रवीण शर्मा ने भी विद्यार्थियों को अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग, अनुशासन और सामाजिक संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रो. नीलिमा खरे, प्रो. चेतना सिंह, प्रो. मनीषा तिवारी, डॉ. संगीता धुर्वे, डॉ. प्रज्ञा यादव, डॉ. अंजनी सूर्यवंशी, डॉ. धानी जामोद, डॉ. एच. एल. मरावी, डॉ. ममता प्रजापति, डॉ. उमा सिंह सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप

### 27 अक्टूबर से राष्ट्रीय शालेय हैडबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता

उमरिया। स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत 70 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हैंडबॉल 14 वर्ष बालक प्रतियोगिता का आयोजन उमरिया में 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक किया जाना है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए समितियों का गठन किया है एवं उत्तर दायित्व सौंपा है। समिति में कार्यकारी अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी होंगे। किया है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा है सौपे गये दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं सतर्कता से निर्वहन करें।

### देवगवां की रामलीला में गूंजे परशुराम-लक्ष्मण के तीखे संवाद, मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



कोतमा। कोतमा के समीपवर्ती ग्राम देवगवां गांव में शारदेय नवरात्रि के पर्व पर रसिक रामलीला मंडली देवगवां द्वारा श्री शिव राम जानकी दुर्गा पंडाल पर भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है मंचन व्यास पंडित रामभजन शुक्ला व्यवस्थापक गजेंद्र शुक्ला एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा आयोजित वार्षिक रामलीला महोत्सव में बीती रात धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद के प्रसंग का अत्यंत भव्य और सजीव मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत ओजपूर्ण संवादों और उत्कृष्ट अभिनय ने पंडाल में उपस्थित जनसमुदाय को देर रात तक बांधे रखा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। रामलीला के मंच पर जैसे ही गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को उठाया और उसका भंजन किया, पूरा पंडाल जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद माता सीता ने भगवान राम को जयमाला पहनाकर स्वयंवर की रस्म पूरी की। धनुष टूटने की टंकार सुनकर भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधित अवस्था में राजा जनक के दरबार में पहुंचे। मंच पर परशुराम का उग्र रूप और उनका भारी भरकम फरसा देखकर एक बारगी दर्शक दीर्घा भी रोमांचित हो उठी। जब परशुराम ने गरजते हुए पूछा कि यह धनुष किसने तोड़ा है, तब लक्ष्मण ने आगे आकर निर्भीकता के साथ विनोदपूर्ण और तीखे व्यंग्य बाण छोड़े। मंच पर वीर रस और रौद्र रस के इस अनूठे मिश्रण के दौरान जब लक्ष्मण ने कहा बहु धनुहीं तोरी लरिकाईं, कबहूं न अस रिस कीन्ह गोसाईं तो दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। परशुराम के तीव्र क्रोध और गर्जना के बीच लक्ष्मण के निडर तर्कों ने संवाद को बेहद जीवंत बना दिया। बाद में भगवान श्रीराम ने अपने शांत और शालीन स्वभाव से महर्षि परशुराम के क्रोध को शांत कराया, जिसके बाद इस अद्भुत प्रसंग का समापन हुआ। धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोए इस पारंपरिक रामलीला को देखने के लिए देवगवां सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे पहुंचे थे।

## धरातल पर पुरानी मुरूम के नाम पर शासन के खजाने में लगाई सेंध

# कागजों में चमका 7.23 लाख का खेल मैदान








### भोलगढ़ में रोजगार सहायक-उपयंत्री ने किया खेला

**मानपुर। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण अंचल में किस प्रकार मखौल उड़ाया जाता है और बच्चों के भविष्य को दांव पर लगाकर सरकारी खजाने में किस तरह सेंधमारी की जाती है, इसका शर्मनाक नमूना जनपद पंचायत मानपुर की ग्राम पंचायत भोलगढ़ में सामने आया है। यहां उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को खेलकूद की बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर पंचम राज्य वित्त आयोग से 7 लाख 23 हजार रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत हुई थी, लेकिन पंचायत के कर्ताधर्ताओं ने बिना ज़मीनी काम कराए इस पूरी राशि का आहरण कर आपस में बंदरबांट कर लिया।**

### कागज़ों पर स्वीकृति, धरातल पर सन्नाटा

आधिकारिक दस्तावेजों के मुताबिक, ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत द्वारा 14 अप्रैल 2026 को प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। इसके बाद 15 मई 2026 को तकनीकी स्वीकृति और 16 मई 2026 को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। स्वीकृत राशि में 1,08,450 रुपये मजदूरी और 6,14,550 रुपये सामग्री मद के लिए निर्धारित थे। नियमों के अनुसार, प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही कार्यस्थल पर निर्माण एजेंसी, लागत और कार्य के विवरण वाला प्राक्कलन/सूचना पटल लगाया जाना अनिवार्य होता है, ताकि ग्रामीणों के समक्ष पारदर्शिता बनी रहे। परंतु भोलगढ़ में किसी भी प्रकार का सूचना पटल नहीं लगाया गया, जिससे इस फर्जीवाड़े की भनक किसी को न लग सके।

### पुराने काम पर नई फाइल, जुलाई में राशि गायब

विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस मैदान को नया बताकर राशि निकाली गई है, वहां लगभग दो वर्ष पूर्व पथरीली ज़मीन को समतल करने हेतु पंचायत द्वारा कुछ मुरूम डलवाई गई थी। मई 2026 में प्रशासनिक सांठ-गांठ के तहत उसी पुराने काम की नई फाइल तैयार की गई। कागज़ों में मई में स्वीकृति मिलने के बाद कायदे से काम शुरू होना चाहिए था, परंतु मई के बाद मैदान में एक कुदाल तक नहीं चली। बावजूद इसके, जुलाई 2026 आते-आते स्वीकृत राशि का पूरा आहरण कर लिया गया। उपयंत्री का कहना है कि 02 वर्ष पूर्व जो कार्य हुआ था, उसका भुगतान करना था, इसलिए भुगतान किया गया है, इससे यह साफ होता है कि वर्तमान में बगैर काम किये राशि आहरित की गई है।

### बिना वैध खदान के कहां से आई मुरूम

जिले के आधिकारिक रिकॉर्ड बताते हैं कि क्षेत्र में मुरूम की एक भी वैध खदान संचालित नहीं है। ऐसे में यह यक्ष प्रश्न उठता है कि वेंडर द्वारा कागज़ों में सैकड़ों ट्रॉली मुरूम की आपूर्ति कैसे दर्शा दी गई? बिना किसी वास्तविक आपूर्ति के फर्जी बिलों के आधार पर सरकारी धन का भुगतान कर दिया गया। मजे की बात यह है कि उपयंत्री ने स्पष्ट कहा कि पंचायत ने मुरूम कहां से लाई, इससे उन्हें कोई सरोकार नहीं, कुल मिलाकर अगर पंचायत चोरी की सामग्री का उपयोग अगर करती है तो, उपयंत्री प्रमोद खरे से कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें धरातल पर काम मिलना चाहिए, हालाकि जब बिल लगे, उस दौरान काम भी नहीं हुआ।

### उपयंत्री प्रमोद खरे की भूमिका पर गंभीर सवाल

इस पूरे मामले में उपयंत्री प्रमोद खरे की कार्यशैली और नैतिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। निर्माण कार्य की शुरुआत, प्रगति के भौतिक सत्यापन से लेकर अंतिम भुगतान की सिफारिश तक उपयंत्री का तकनीकी प्रतिवेदन सबसे अहम होता है। आरोप हैं कि दो वर्ष पुराने काम को नया बताकर तकनीकी स्वीकृति देने और बिना ज़मीनी निर्माण के मूल्यांकन दर्ज करने में उपयंत्री की भूमिका संदिग्ध रही है। पंचायत का वित्तीय संचालन देख रहे रोजगार सहायक के साथ मिलकर जुलाई माह में राशि का आहरण करा लिया गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उपयंत्री प्रमोद खरे के प्रभार वाले कार्य क्षेत्रों की विभिन्न पंचायतों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और वित्तीय निष्पादन को लेकर लगातार शिकायतें आती रही हैं।

### उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग

कागजों में खेल मैदान तैयार हो चुका है, लेकिन वास्तविक धरातल पर स्कूली बच्चे आज भी उसी पथरीले और बदहाल मैदान में खेलने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने जिला प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने, दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करने तथा आहरित राशि की वसूली करने की मांग की है।

### इनका कहना है...

कार्य पहले हुआ था, उस समय कुछ कमी के कारण कार्य निरस्त हुआ था, लेकिन जो कार्य हुआ था, उसके बिल पास हुए हैं, रही बात मुरूम कहां से आई, इससे हमें कोई मतलब नहीं, हमें काम से मतलब है। मुरूम कहां से आई यह पंचायत जाने, वह रॉयल्टी देंगे।

**प्रमोद खरे**
**उपयंत्री**

# दशहरा चल समारोह को लेकर शांति समिति की बैठक



### 20 अक्टूबर को निकलेगा चल समारोह

**मानपुर।** आगामी दशहरा एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों को लेकर शनिवार को थाना मानपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक थाना प्रभारी ब्रजकिशोर गर्ग के द्वारा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी ने की। बैठक में दशहरा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, दुर्गा प्रतिमाओं के चल समारोह, रावण दहन तथा आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर अस्थाई आतिशबाजी के भंडारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं विक्रय के लिए उपयुक्त स्थल के चयन सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।बैठक में तय किया गया कि 20 अक्टूबर को शाम 6 बजे नगर के बस स्टैंड से सभी दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह प्रारंभ होगा, जो ग्रामीण खेल मैदान पहुंचेगा। ग्रामीण खेल मैदान में दशहरा पर्व के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने आयोजन के दौरान यातायात, सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की।बैठक में तहसीलदार मानपुर अभयनंद शर्मा, नगर परिषद सीएमओ रचयिता अवस्थी सहित सनत सिंह, रणमत सिंह, शारदा प्रसाद गौतम, राम किशोर चतुर्वेदी, उदय गौतम, राम स्वयंवर शर्मा, दिनेश गुप्ता, रसिक खंडेलवाल, सतीश सोनी, आशुतोष त्रिपाठी, त्रिवेणी द्विवेदी, राजू गुप्ता, बजरंग सोनी, कुलदीप गुप्ता, जय प्रकाश शर्मा, रवि सेन, कृष्ण उपाध्याय, राजा मिश्रा, अभिलाष द्विवेदी, राजा खंडेलवाल, विकास शुक्ला, शालू गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अमित गुप्ता, नफीस खान, असगर खान, मोहम्मद शाहवान, विनय गुप्ता, मनीष गुप्ता सहित एमपीईबी विभाग के प्रतिनिधि एवं विभिन्न दुर्गा पंडालों के सदस्य उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा दल ने खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

### दुकानदारों को सुरक्षित खाद्य सामग्री विक्रय के लिए किया जागरूक




**उमरिया।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त भोपाल एवं कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा नगर पालिका उमरिया क्षेत्र में विभिन्न मिष्ठान एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने लिए गए तथा दुकानदारों को साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहन डाबर की उपस्थिति में स्टेडियम के निकट चौपाटी पर दुकानदारों एवं हाथ ठेला संचालकों को जागरूक किया गया। श्री डाबर ने खाद्य पदार्थों का सुरक्षित एवं उचित तरीके से विक्रय करने तथा कानून के निर्धारित मापदंडों का पालन करने की समझाइश दी।शहडोल संभाग से आई चलित खाद्य प्रयोगशाला के केमिस्ट पीयूष कुमार मिश्रा ने खाद्य तेल खरीदते समय फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों के चिह्न की पहचान करने तथा एक्सपायरी तिथि से पहले खाद्य सामग्री का सुरक्षित उपयोग करने की जानकारी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती मंजू वर्मा ने दुकानदारों को एक्सपायरी मसालों एवं अनधिकृत रंगों का उपयोग नहीं करने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा ताजे फल-सब्जियों का उपयोग करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में प्रभारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बांधवगढ़ दिलीप कुमार सोनी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा एवं राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने गांधी चौक स्थित होटल शिवालय का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए तथा गोदाम का पंचनामा तैयार कर उसे सील किया। इसके बाद संजय मार्केट स्थित राजा स्वीट्स का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए और प्रतिष्ठान में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानदारों एवं आमजन से खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं एक्सपायरी तिथि की जांच करने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों का विक्रय निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही किया जाना चाहिए, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में पीएलवी के.के. शुक्ला, राजेंद्र तिवारी तथा चलित खाद्य प्रयोगशाला के सदस्य उपस्थित रहे।

# पुराना स्टेट बैंक रोड पर विराजीं मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा, दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु





**कोतमा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर कोतमा नगर के पुराना स्टेट बैंक रोड पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। माता रानी के दरबार में भक्तों की आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के अवसर पर पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भक्तजन माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। पुराना स्टेट बैंक रोड स्थित मां दुर्गा के दरबार में नवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मां दुर्गा की आराधना और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालुओं के लिए मां के दर्शन आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष अवसर बन रहे हैं। नगर में जगह-जगह स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ पुराना स्टेट बैंक रोड का दुर्गा दरबार भी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण बना हुआ है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर चारों ओर माता रानी की भक्ति और जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। मां दुर्गा सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें और सबके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें

# राजनगर में दुर्गा पूजा की धूम, पंचमी-षष्ठी से ही पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

### थीम आधारित पंडालों और आकर्षक रोशनी ने बढ़ायी रौनक, कला और संस्कृति के संगम में सराबोर हुआ नगर



**राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र में दुर्गापूजा में कोना-कोना भक्तिमय रंगों में रंगने लगा है। नगर के विभिन्न पूजा समितियों की ओर से तैयार किये गये आकर्षक और थीम आधारित दुर्गा पूजा पंडाल लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं। कहीं भव्य सजावट और आकर्षक रोशनी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है, तो कहीं अनूठी कलाकारी और रचनात्मक थीम दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। यही वजह है कि राजनगर में पंचमी और षष्ठी से ही विभिन्न पंडालों में श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ उमड़ने लगी है। पूजा पंडाल दुर्गा दर्शन के लिए निकलने वाले लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र न्यू राजनगर काली मंदिर दुर्गा पंडाल, बस स्टैंड राजनगर, बंगाली पंडाल बाबू लाइन, गोपाल पंडाल राजनगर, सेक्टर सी कॉलोनी दुर्गा पंडाल, बन रहे हैं। पंडालों की बाहरी सजावट से लेकर भीतर की कलात्मक प्रस्तुति तक, हर जगह रचनात्मकता की छाप दिखाई दे रही है। आकर्षक रोशनी और सजावट के बीच मां दुर्गा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु परिवार और दोस्तों के साथ पंडालों का रुख कर रहे हैं। कई स्थानों पर पंडालों की विशिष्ट बनावट और सजावट लोगों को रुककर तस्वीरें लेने तथा कलाकारी को करीब से देखने के लिए प्रेरित कर रही है। दुर्गापूजा के दौरान आमतौर पर सप्तमी से लेकर नवमी तक पंडालों में भारी भीड़ देखने को मिलती है।लेकिन इस बार पंचमी और षष्ठी से ही विभिन्न पूजा मंडपों में लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है. इससे साफ है कि लोगों में दुर्गादर्शन और थीम आधारित पंडालों को देखने का उत्साह पहले से ही बना हुआ है. शाम ढलते ही रोशनी से जगमगाते पंडालों की खूबसूरती और बढ़ जाती है। परिवारों, युवाओं और बच्चों की मौजूदगी से पूजा परिसर तथा आसपास के इलाकों में उत्सव का माहौल दिखायी देने लगा है। दुर्गा पूजा का यह रंग केवल पंडालों की भव्यता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति, सामुदायिक भागीदारी और बाबू लाइन बंगाली पंडाल की पारंपरिक उत्सवी भावना का भी प्रतीक है। पूजा समितियों, कलाकारों और स्थानीय लोगों की सहभागिता से दुर्गोत्सव सामाजिक मेल-मिलाप का बड़ा अवसर बन गया है। आने वाले दिनों में इन पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है।

### शंकर सेना ने आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ मनाया नवरात्रि का कार्यक्रम



**राजनगर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर शंकर सेना शहडोल संभाग के तत्वावधान में 16 अक्टूबर को डूमर कछार निकाय के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 155 पौराधार में सेवा एवं जनकल्याण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में उपस्थित बालिकाओं एवं बच्चों को मिष्ठान, फल, स्टेशनरी तथा अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा एवं आस्था व्यक्त करने के साथ-साथ बालिकाओं के सम्मान, बच्चों के प्रति स्नेह और समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना रहा। शंकर सेना के सदस्यों ने बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें मिष्ठान, फल एवं अन्य उपहार वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के 2 आंगनबाड़ी केंद्रों में बालिकाओं एवं बच्चों को फल, मिष्ठान, खाद्य सामग्री, स्टेशनरी अन्य सामग्री वितरित कर नवरात्रि की खुशियां साझा की गयी। इस अवसर पर शंकर सेना के उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमें शक्ति, सेवा, समर्पण और नारी सम्मान का संदेश देता है, बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटना ही सच्ची सेवा है। शंकर सेना आगे भी सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के बीच सेवा कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता, बालिकाओं के सम्मान तथा जरूरतमंद बच्चों की सहायता का संदेश दिया गया, उपस्थित लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर निकाय क्षेत्र के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता सहायिका शंकर सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केंद्रों के नन्हे मुन्ने बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे।

### शासकीय भूमि को ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया

**कोतमा।** जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बगैहा टोला के बरगंवा में वर्षों पुराने अतिक्रमण को राजस्व विभाग द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधी, व अदम्य खेल अकादमी के साथीगण व सरपंच सचिव तथा पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया। जनप्रतिनिधि के के सोनी ने बताया कि राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने जनहित को ध्यान में रखते हुए सामाजिक व धार्मिक अनुष्ठानों हेतु गत वर्ष मंगल भवन स्वीकृत कराया गया था किंतु ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि में अवैध कब्जा किया गया था जिसे संज्ञान में लेते हुए मंत्री के निर्देशन पर शुक्रवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मौके पर तहसीलदार दसरथ सिंह, नायब तहसीलदार संतोष चौधरी, राजस्व निरीक्षक मेघनंद कवंर, हल्का पटवारी श्रीमती शिल्पी अग्रवाल, ए.एस.आई विनय सिंह परिहार, संजय द्विवेदी, अमर सिंह, कंचन चौहान, दीपाली सिलावट, उप यंत्री आशीष पटले, सरपंच मोहन सिंह, पंकज द्विवेदी, एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



ब्यौहारी। पंचायती मंदिर के पास विराजी मां काली। राम जानकी मंदिर नवदुर्गा समिति माता दुर्गा वनसुकली चौराहा नवदुर्गा समिति बिछिया टोला मां जगदम्बा विराजमान मां जगदम्बा विराजमान हैं एल आई सी आफिस वार्ड नंबर 13 चुंगी नाका स्थित मां दुर्गा विराजमान चुंगी नाका स्थित रीवा शहडोल राजमार्ग में मां दुर्गा विराजमान लक्ष्मी नारायण नवदुर्गा समिति अष्टभुजा मां जगदम्बा विराजमान मार्तण्ड गंज नवदुर्गा समिति वार्ड नंबर 9 में मां काली

**खबर संक्षेप**

### प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत नोडल अधिकारी ने किया खरीफ फसलों का निरीक्षण

**उमरिया।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना अंतर्गत जिले में खरीफ फसलों की स्थिति का जायजा लेने एवं दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने करकेली एवं मानपुर विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान दलहन विकास निदेशालय, भोपाल के निदेशक एवं योजना के नोडल अधिकारी डॉ. महेश कुमार ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ खेतों में पहुंचकर खरीफ फसलों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से अरहर (तुअर) की फसल का तकनीकी मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों ने फसलों के स्वास्थ्य, कीट-व्याधि प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने की संभावनाओं का जायजा लिया और किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान रबी मौसम की दलहन फसल मसूर के मिनीकिट बीजों का वितरण भी किया गया, ताकि किसानों को दलहन उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। अधिकारियों ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने, फसलों की नियमित निगरानी करने तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने की समझाइश दी।निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी, परियोजना संचालक (आत्मा) अंबाराम मेडा, सहायक संचालक कृषि डॉ. कुलदीप शर्मा, सहायक संचालक कृषि आर.एन. सिंह परिहार सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आदर्श महाविद्यालय में कबडडी प्रतियोगिता संपन्न

**उमरिया।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय महिला, पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आदर्श महाविद्यालय में जिले के आठ शासकीय महाविद्यालयों के लिए आयोजित किया गया । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तीन पुरुष आदर्श, रण विजय,चंदिया कॉलेज एवं चार आदर्श, रण विजय,नौरोजाबाद ,चंदिया कॉलेज की महिला टीमों ने अपनी सहभागिता दी । आदर्श कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. नियाज अहमद अंसारी, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक ऋषि राज पुरवार शासकीय अग्रणी महाविद्यालय , जितेंद्र कुमार क्रीड़ा अधिकारी अग्रणी महाविद्यालय उमरिया, आयोजक महाविद्यालय से क्रीड़ा प्रभारी रेम सिंह हटीला,संगठन सचिव महेंद्र कुमार कनौजिया क्रीड़ा अधिकारी,डॉ अरुणेंद्र बहादुर सिंह प्रशासनिक अधिकारी एवं मंच संचालन समिति प्रमुख डॉ राजीव तिवारी के संचालन में किया गया । प्रतियोगिता का पहला मैच रणविजय महाविद्यालय एवं चंदिया महाविद्यालय की महिला टीम के बीच हुआ । इसी प्रकार अन्य मैच आदर्श महाविद्यालय ,नरोजाबाद महाविद्यालय एवं रणविजय महाविद्यालय ,चंदिया कॉलेज की महिला पुरुष टीमों के बीच हुए । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में रणविजय महाविद्यालय विजेता एवं आदर्श महाविद्यालय उपविजेता रही। इसी प्रकार महिला वर्ग में नरोजाबाद महाविद्यालय विजेता, रणविजय महाविद्यालय उपविजेता रही ।

### वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण तिवारी को मातृ शोक



**उमरिया।** बिरसिंहपुर पाली सहित पूरे उमरिया जिले के पत्रकार जगत के लिए अत्यंत दुःखद खबर है। क्षेत्र के वरिष्ठ, निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकार प्रवीण कुमार तिवारी जी की पूजनीय माताजी का बीती रात स्वर्गलोक गमन हो गया। माँ के निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, शुभचिंतकों, समाजसेवियों और आम नागरिकों में शोक की लहर दौड़ गई। मां वो छांव होती है, जो कड़ी धूप में भी बेटे को जलने नहीं देती। मां का आंचल ही जीवन की सबसे बड़ी सुरक्षा होती है।

# बुढ़ार में नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले 3 ट्रकों पर पुलिस की कार्रवाई, वसूला गया जुर्माना

**बुढ़ार।**

नवरात्र के पावन पर्व और शहर में उमड़ रही भारी भीड़ के बीच यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों पर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में, नो एंट्री के नियमों को ताक पर रखकर शहर में प्रवेश करने वाले 3 ट्रकों का पुलिस ने चालान किया है।





### कॉलेज तिराहे पर पुलिस की पैनी नजर

ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की नजर कॉलेज तिराहे के पास इन ट्रकों पर पड़ी। पुलिस ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए तीनों ट्रकों को रोककर थाने के पास खड़ा किया। इसके बाद मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रकों पर जुर्माना लगाया गया और उन्हें वापस रवाना किया गया।

### यातायात सुरक्षा में बड़ी लापरवाही

त्योहार के इस सीजन में जगह-जगह दुर्गा पंडाल सजाए गए हैं, जहां दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्तों की सुरक्षा और सुगम आवाजाही को सुनिश्चित करने के लिए शहर की सीमा पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक (नो एंट्री) लगाई गई है। इसके बावजूद, रात्रि करीब 10 बजे अचानक तीन ट्रक शहर के भीतर घुस आए।

### दशहरा तक लागू रहेगा सख्त प्रतिबंध

मामले की जानकारी देते हुए नगर निरीक्षक खेम सिंह पेंद्रो ने बताया कि नगर में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए नो एंट्री का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। थाना प्रभारी ने नागरिकों और वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए बताया है कि दशहरा तक रोजाना शाम 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक शहर के भीतर भारी और बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## शारदीय नवरात्र कालिका दुर्गा उत्सव समिति में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब, सप्तमी पर मां के दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें





**बुढ़ार।** उपासना और भक्ति के पावन पर्व शारदीय नवरात्र के सातवें दिन बुढ़ार स्थित कालिका दुर्गा उत्सव समिति लखेरन टोला में आस्था का अभूतपूर्व सैलाब देखने को मिला। सप्तमी के इस पवित्र अवसर पर मां कालिका के दर्शन और वंदना के लिए सुबह से ही भक्तों का भारी जमावड़ा लगा रहा। पंडाल "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा।उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला तैयार की गई है। इन आयोजनों के तहत क्षेत्र की महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा है। महिलाएं पारंपरिक भगत, भजन और अन्य मनमोहक धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय बना रही हैं।

माता के दरबार में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार कीअसुविधा न हो। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव को लेकर बुढ़ार क्षेत्र में भारी उत्साह और उल्लास का माहौल है।

## पंडालों की निगरानी के साथ नगर की गलियों में पुलिस का पैदल मार्च, सुरक्षा का संदेश





**बुढ़ार।** नवरात्रि पर्व अब धीरे-धीरे अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। पंचमी तिथि से ही नगर के प्रमुख दुर्गा पूजा पंडालों में मां जगदंबा के दर्शन और एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्तिमय माहौल के बीच आम जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं नगर निरीक्षक खेम सिंह पेंद्रो के मार्गदर्शन में स्थानीय पुलिस बल लगातार सक्रिय है। पुलिस टीम दुर्गा पंडालों की कड़ी सुरक्षा व निगरानी करने के साथ-साथ नगर के मुख्य मार्गों, बाज़ारों और तंग गलियों में पैदल फ्लैग मार्च निकाल रही है।इस पैदल मार्च के ज़रिए पुलिस आम नागरिकों और दर्शनार्थियों को सुरक्षा एवं शांति का अहसास करा रही है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निडर होकर भक्ति में लीन रहें और निष्फिक्र होकर त्योहार का आनंद लें; हर स्थिति और समय में पुलिस सुरक्षा के लिए उनके साथ खड़ी है।थाना प्रभारी खेम सिंह प्रेंद्रो ने किया आग्रह भीड़ नियंत्रण व सुरक्षाः नवरात्रि के उत्तरार्ध में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पंडालों पर विशेष नज़र रखी जा रही है।,पैदल फ्लैग मार्चः नगर के अंदरूनी इलाकों और गलियों में पुलिस बल की मौजूदगी से असमाजिक तत्वों पर लगाम कसी जा रही है। प्रशासन का संदेशः श्रद्धालुओं से बिना किसी भय के सपरिवार पूजा-अर्चना करने और त्योहार में सहयोग बनाने का आह्वान किया गया है।



## पोस्टर निर्माण के माध्यम से छात्राओं ने दिया जागरूकता का संदेश

**उमरिया।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय आर.व्ही.पी.एस. महाविद्यालय में प्राचार्य अमित निगम के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत छात्राओं द्वारा पोस्टर निर्माण गतिविधि में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मकता और जागरूकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता , राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे विषयों को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। रंगों और चित्रों के जरिए छात्राओं ने समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। इस गतिविधि से छात्राओं को अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर मिला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं की सहभागिता ने गतिविधि को रोचक और प्रेरणादायक बनाया।इसी क्रम में करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार के विभिन्न अवसरों एवं करियर निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई। डॉ. पी.डी. रावत ने छात्र-छात्राओं को रोजगार की संभावनाओं से जुडऩे तथा अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं, प्रो. एस.के. वर्मा ने भी विद्यार्थियों को करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने किया। कार्यकम में महाविद्यालय डॉ संध्या कुशवाहा, डॉ पिंकी सोमकुअर, रश्मि रानी तिवारी, गुलाब सिंह, सहित, जीतेन्द्र गौतम, एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में ऋषिराज पुरवार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में सेवा संकल्प अभियान का समापन

### सेवा, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता की गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ सेवा संकल्प




**बिरसिंहपुर पाली,** दिनांक 17 अक्टूबर 2026। शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली, जिला उमरिया में दिनांक 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान का समापन समारोह 17 अक्टूबर 2026 को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री हरलाल अहिरवार , डॉ. गंगाधर ढोके डॉ शाहिद सिद्दीकी सहित उपस्थित अतिथियों एवं प्राध्यापकों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। प्राचार्य ने उद्बोधन दिया अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद का दीया,मेरे सपनों का भारत (सेवा चित्र), नमो सेवा (अनकही कहानियाँ), आँगन मिलन सेवा, सेवा की कहानी, सेवा ज्योति कलश यात्रा, सेवा मेरा योगदान एवं सेवा सेतु अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति समझ विकसित करना रहा।कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंसूर अली द्वारा किया गया उन्होंने अपने विचार व्यक्त किया देश सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है इसके साथ उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विशेष जानकारी दी कार्यक्रम में डॉ. नरेश प्रसाद शुक्ला, डॉ. त्रिभुवन गिरी, अनुभव श्रीवास्तव श्री अंकुश सोनी, श्री बलेंद्र यादव, डॉ. शिवराज सिंह, श्री प्रहलाद सिंह, श्री मुन्ना सिंह राठौर, श्री रमेश लाल संत, श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा, श्री कमलेश बैगा , कमलेश सिंह परस्ते सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।अंत में डॉ. मनीषा अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन करते हुए अभियान के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, स्वच्छता एवं सामुदायिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहन मिला है।

## खबर संक्षेप



### अमरकंटक में रावण दहन की तैयारी तेज

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में विजयादशमी पर्व की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। असत्य, अन्याय और अधर्म के प्रतीक रावण के विशाल पुतले का निर्माण कराया जा रहा है। विजयादशमी के अवसर पर वार्ड क्रमांक 10 स्थित रामघाट साप्ताहिक बाजार मैदान में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों की भारी उपस्थिति के बीच भगवान श्रीराम के कर-कमलों द्वारा रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमरकंटक में प्रतिवर्ष दशहरे के अवसर पर रावण दहन का आयोजन परंपरागत रूप से रामघाट साप्ताहिक बाजार मैदान में किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी नगर परिषद अमरकंटक द्वारा रावण के पुतले का निर्माण कराया जा रहा है। नगर परिषद के बैजनाथ चंद्रवंशी अपने सहयोगियों के साथ पुतला निर्माण के कार्य में जुटे हुए हैं। आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि दशहरे के दिन कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। विजयादशमी के अवसर पर पवित्र नगरी में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को नर्मदा उद्गम मंदिर में पूजन-अर्चन के पश्चात मुख्य मार्ग से होते हुए कतारबद्ध तरीके से रामघाट साप्ताहिक बाजार मैदान तक लाया जाता है। इस दौरान नगर में धार्मिक उत्साह और पर्व की विशेष रौनक देखने को मिलती है। मैदान में एकत्रित श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों की उपस्थिति में भगवान श्रीराम द्वारा रावण के पुतले का दहन किया जाता है।

### दुर्गा पंडाल में युवती से मारपीट, गाली-गलौज और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव का आरोप

**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के वेंकटनगर में दुर्गा पंडाल में पूजा के दौरान एक युवती के साथ कथित रूप से मारपीट, गाली-गलौज करने, धमकी देने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मजहर खान के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, वेंकटनगर वार्ड क्रमांक 15 निवासी युवती ने आरोप लगाया कि 15 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपनी बहन के साथ दुर्गा पंडाल में पूजा कर रही थी। इसी दौरान उसके घर के पीछे रहने वाला मजहर खान वहां पहुंचा और उसका दाहिना हाथ पकड़कर कथित रूप से मरोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने तथा धमकी देने का आरोप है। शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी उसे पसंद करता है, लेकिन वह उससे विवाह नहीं करना चाहती। आरोप है कि घटना के दौरान आरोपी ने उससे शादी करने और धर्म परिवर्तन करने की बात कही तथा ऐसा नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। घटना के बाद युवती ने अपने परिजनों को जानकारी दी और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 296(बी), 351(2) तथा मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 की धारा 3/5 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## पुजारी परिवार की वर्षों पुरानी परंपरा का बेटे कर रहे निर्वहन

# नर्मदा मंदिर में नवरात्र के दौरान आज भी जारी है फलाहारी प्रसाद सेवा

### प्रतिदिन सवा क्विंटल से डेढ़ क्विंटल तक तैयार होता है साबूदाने का प्रसाद

**अमरकंटक।** प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित मां नर्मदा मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं को फलाहारी प्रसाद वितरित करने की वर्षों पुरानी परंपरा आज भी निरंतर जारी है। मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी स्वर्गीय आशुतोष द्विवेदी (राजू महाराज) एवं स्वर्गीय सुशील द्विवेदी (सुंदर महाराज) द्वारा वर्ष 1990 के दशक में शुरू की गई इस सेवा को अब उनके बेटे पूरी श्रद्धा, समर्पण और सेवाभाव के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इस पहल की शुरुआत उस समय की गई थी, जब नवरात्र के दौरान मां नर्मदा के दर्शन-पूजन के लिए अमरकंटक सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते थे। व्रतधारी श्रद्धालुओं को फलाहार की समुचित व्यवस्था नहीं मिल पाने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। श्रद्धालुओं की इसी परेशानी को देखते हुए पुजारी परिवार ने संध्याकालीन आरती एवं पूजन के बाद शुद्ध घी से तैयार साबूदाने की खिचड़ी का फलाहारी प्रसाद निःशुल्क वितरित करने की परंपरा शुरू की।

### पांच किलो से शुरू हुई सेवा, अब डेढ़ क्विंटल तक पहुंचा प्रसाद

वर्ष 1990 के दशक में जब इस सेवा की शुरुआत हुई थी, तब साबूदाने की खिचड़ी लगभग पांच किलो तैयार की जाती थी। समय के साथ श्रद्धालुओं की संख्या और सेवा का दायरा बढ़ता गया। आज यह मात्रा बढ़कर प्रतिदिन लगभग सवा क्विंटल से डेढ़ क्विंटल तक पहुंच गई है। इतने बड़े स्तर पर प्रसाद तैयार करने के बावजूद पुजारी परिवार इसकी परंपरागत विधि, शुद्धता और स्वाद को बनाए रखने का विशेष प्रयास करता है। वर्षों से इस प्रसाद को ग्रहण कर रहे श्रद्धालुओं का कहना है कि आज भी इसमें पहले जैसा स्वाद और अपनापन बरकरार है।

### शुद्धता और धार्मिक मर्यादा का रखा जाता है विशेष ध्यान

फलाहारी प्रसाद तैयार करने की प्रक्रिया में स्वच्छता और शुद्धता को विशेष महत्व दिया जाता है। पुजारी परिवार के सदस्य नए वस्त्र धारण कर प्रसाद तैयार करते हैं तथा इस बात का ध्यान रखते हैं कि व्रतधारी श्रद्धालुओं की धार्मिक मान्यताओं और उपवास की मर्यादा के अनुरूप फलाहार बनाया जाए। प्रसाद तैयार होने के बाद सर्वप्रथम मां नर्मदा को अर्पित किया जाता है। इसके पश्चात भगवान महादेव एवं मां पार्वती को भोग लगाया जाता है। धार्मिक विधि-विधान के बाद संध्याकालीन आरती-पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं को यह फलाहारी प्रसाद निःशुल्क वितरित किया जाता है। अनेक व्रतधारी श्रद्धालु इस प्रसाद को ग्रहण कर अपना व्रत पारण करते हैं।



### बिना ट्रस्ट की आर्थिक सहायता के जारी है सेवा

इस सेवा की एक विशेष बात यह भी है कि प्रसाद तैयार करने और वितरित करने में होने वाला खर्च पुजारी परिवार तथा अमरकंटक के सेवाभावी लोगों द्वारा स्वयं वहन किया जाता है। इस कार्य के लिए नर्मदा मंदिर ट्रस्ट अथवा प्रशासन से आर्थिक सहयोग नहीं लिए जाने की जानकारी दी गई है। सेवा का उद्देश्य नवरात्र में मां नर्मदा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सहजता से फलाहार उपलब्ध कराना और धार्मिक परंपरा को जीवंत बनाए रखना है।

### नई पीढ़ी ने संभाली जिम्मेदारी

पुजारी परिवार की इस परंपरा को आगे बढ़ाने में अभिषेक द्विवेदी, विनायक द्विवेदी, प्रसन्न द्विवेदी, श्रीयांक द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, कार्तिकेय द्विवेदी एवं दिव्यम द्विवेदी की प्रमुख भूमिका है। परिवार के युवा सदस्य अपने पूर्वजों द्वारा शुरू की गई सेवा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। नवरात्र के दिनों में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में फलाहारी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं तक पहुंचाना केवल व्यवस्था का कार्य नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और समर्पण का उदाहरण भी है। पुजारी परिवार की यह पहल दर्शाती है कि सच्ची धार्मिक परंपराएं केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि जरूरतमंद श्रद्धालुओं की सेवा और सहयोग के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवंत बनी रहती हैं। परिवार ने इस सेवा को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।

## गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला शुरू

# 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई के निर्माण में आई तेजी

### डायरेक्टर (कमर्शियल) मिलिंद भांदक्कर ने किया परियोजना स्थल का निरीक्षण

### एमपीएच फाउंडेशन के प्रथम आरसीसी कार्य का शुभारंभ

**अनूपपुर/चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई में निर्माणाधीन 660 मेगावाट क्षमता की नई सुपरक्रिटिकल विद्युत इकाई के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ गुणवत्ता नियंत्रण पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर (कमर्शियल) मिलिंद भांदक्कर ने परियोजना स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) की गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया तथा एमपीएच फाउंडेशन के प्रथम आरसीसी कार्य का शुभारंभ भी हुआ। परियोजना स्थल के निरीक्षण के दौरान भांदक्कर ने विभिन्न निर्माण गतिविधियों की स्थिति का अवलोकन किया और अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। 660 मेगावाट की यह इकाई प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता के विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ऐसे में निर्माण कार्यों को गति देने के साथ निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करना परियोजना की प्राथमिक आवश्यकताओं में शामिल है।

### निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला

परियोजना स्थल पर भेल की गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला शुरू होने से निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री की जांच के लिए आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध होगी। बड़ी विद्युत परियोजनाओं में नींव, सिविल संरचनाओं और अन्य निर्माण कार्यों की मजबूती काफी हद तक सामग्री की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। ऐसे में निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री का परीक्षण निर्माण की विश्वसनीयता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रयोगशाला के माध्यम से गुणवत्ता संबंधी परीक्षणों को परियोजना की जरूरतों के अनुरूप संचालित करने में मदद मिलेगी। इससे निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की तकनीकी उपयुक्तता की जांच तथा गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रिया को मजबूती मिलने की उम्मीद है। हालांकि, इसके प्रभावी परिणाम नियमित परीक्षण, निर्धारित मानकों के अनुपालन और समयबद्ध निगरानी पर निर्भर करेंगे।

### एमपीएच फाउंडेशन के आरसीसी कार्य की शुरुआत

निरीक्षण के दौरान परियोजना के एमपीएच फाउंडेशन के प्रथम आरसीसी कार्य का शुभारंभ भी महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आया। किसी बड़े विद्युत संयंत्र में फाउंडेशन का निर्माण आगे की संरचनाओं और उपकरणों की स्थापना के लिए आधार तैयार करता है। इसलिए इस स्तर पर निर्माण की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का पालन बेहद महत्वपूर्ण होता है। फाउंडेशन से जुड़े कार्यों में मजबूती और निर्धारित तकनीकी प्रक्रियाओं का पालन आगे के निर्माण चरणों को प्रभावित करता है। ऐसे में आरसीसी कार्य की शुरुआत के साथ निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता नियंत्रण, दोनों पर निरंतर निगरानी आवश्यक होगी।



### मुख्यालय और भेल के अधिकारी रहे उपस्थित

निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान मुख्यालय जबलपुर से कार्यपालक निदेशक (इंजीनियरिंग एवं सिविल) वी.के. कैलाशिया सहित परियोजना उत्पादन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की ओर से मुख्य अभियंता विजय देब, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (निर्माण) राजीव गुप्ता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की। भेल की ओर से निर्माण प्रबंधक विजय कुमार, एजीएम राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में निर्माण कार्यों की प्रगति, तकनीकी आवश्यकताओं और गुणवत्ता परीक्षण से संबंधित गतिविधियों का जायजा लिया गया।

### प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम

चचाई में निर्माणाधीन 660 मेगावाट की सुपरक्रिटिकल इकाई प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता के विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सुपरक्रिटिकल तकनीक में उच्च तापमान और उच्च दबाव वाली भाप का उपयोग किया जाता है, जिससे पारंपरिक सबक्रिटिकल तकनीक की तुलना में बेहतर तापीय दक्षता हासिल करने की संभावना रहती है। हालांकि, किसी भी विद्युत परियोजना की वास्तविक सफलता केवल निर्माण कार्यों में तेजी से नहीं, बल्कि गुणवत्ता, तकनीकी मानकों, उपकरणों की स्थापना और समयबद्ध क्रियान्वयन से तय होती है।

ऐसे में एमपीएच फाउंडेशन के आरसीसी कार्य की शुरुआत और भेल की गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन परियोजना की निर्माण प्रक्रिया के महत्वपूर्ण चरण हैं। अब परियोजना की प्रगति इस बात पर निर्भर करेगी कि निर्माण कार्य किस गति से आगे बढ़ते हैं और गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था कितनी प्रभावी रहती है। निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूरा होने पर यह इकाई भविष्य में प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने में योगदान दे सकेगी।




# दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

### थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अनूपपुर।** अपराध के प्रति त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अनूपपुर के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई को कोतवाली पुलिस की त्वरित सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर को 32 वर्षीय युवती ने थाना कोतवाली अनूपपुर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि सैम राजपूत उर्फ संजू निवासी विवेकनगर रेस्क्यू कॉलोनी, चचाई ने उसके अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 555/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (2)(एम) एवं 332 (बी) में प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सक्रिय हुई और 24 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय के नेतृत्व में की गई। गठित टीम में महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, प्रधान आरक्षक प्रकाश तिवारी एवं आरक्षक अब्दुल कलीम शामिल रहे। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सैम राजपूत उर्फ संजू, पिता वृतलाल राजपूत, उम्र 27 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15, विवेकनगर रेस्क्यू कॉलोनी, चचाई, जिला अनूपपुर के रूप में हुई है। कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया। मामले में पुलिस द्वारा आगे की विवेचना की जा रही है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई शिकायत दर्ज होने के बाद महज 24 घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी इस प्रकरण में पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है।

# अनूपपुर में ध्वनि प्रदूषण पर यातायात पुलिस का शिकंजा




### 150 से अधिक प्रेशर हॉर्न और 25 से ज्यादा मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त

**अनूपपुर।** सड़कों पर तेज आवाज और कानफोड़ू ध्वनि से आम नागरिकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए यातायात पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के दौरान 150 से अधिक अवैध प्रेशर हॉर्न और 25 से ज्यादा मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले 50 से अधिक बसों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी विनोद दुबे और हाईवे चौकी प्रभारी आनंद तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जिले के प्रमुख मार्गों, बस स्टैंड और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सघन जांच की। इस दौरान बसों, ट्रकों और दोपहिया वाहनों की जांच करते हुए उनमें अवैध रूप से लगाए गए प्रेशर हॉर्न और परिवर्तित साइलेंसर की पहचान की गई। पुलिस ने ऐसे उपकरणों को जब्त कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। वाहनों में लगाए जाने वाले प्रेशर हॉर्न और परिवर्तित साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज सड़क पर चलने वाले लोगों के साथ ही रिहायशी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनती है। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को ऐसी आवाजों से दिक्कत हो सकती है। इसके बावजूद कई वाहन चालक वाहनों में तेज आवाज वाले उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई में बड़ी संख्या में ऐसे उपकरणों का जब्त होना बताता है कि सड़कों पर ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए नियमित निगरानी और नियमों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। कार्रवाई के बाद जब्त किए गए प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसरों को यातायात थाना परिसर में प्रदर्शित किया गया। इन पर 'ट्रैफिक एपीआर' लिखा गया, ताकि आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में निर्धारित मानकों के विपरीत प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल न करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अब इस अभियान के प्रभावी परिणाम के लिए जरूरी होगा कि जांच केवल विशेष अभियान तक सीमित न रहे, बल्कि प्रमुख मार्गों, बाजारों और रिहायशी क्षेत्रों में भी नियमित निगरानी की जाए, ताकि तेज आवाज से नागरिकों को होने वाली परेशानी पर अंकुश लगाया जा सके।

# अनूपपुर में संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता संपन्न, चयनित खिलाड़ी धार में दिखाएंगे दमखम

### अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और सीधी जिले के 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने लिया हिस्सा

**अनूपपुर।** जनजातीय कार्य विभाग के तत्वावधान में शनिवार को मैकल क्लब अनूपपुर में 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की क्षेत्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सहायक आयुक्त सरिता नायक के आदेश तथा क्षेत्र संयोजक एसके वाजपेयी के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता जिला क्रीड़ा अधिकारी उपेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अनूपपुर सहित शहडोल, उमरिया और सीधी जिले के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ मुकाबलों में हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए योग्य



खिलाड़ियों का चयन करना रहा। क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता के बाद चयनित खिलाड़ी 22 अक्टूबर 2026 को धार में आयोजित होने वाली विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रवाना होंगे। राज्य स्तरीय स्पर्धा में खिलाड़ी अपने-अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, पिछड़ा वर्ग महामंत्री शिव रतन वर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, भाजपा कोषाध्यक्ष विवेक बयानी, भाजपा आईटी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी, सुभाष मिश्रा, शुभम सिंह तथा हरिभूमि के चीफ मनोज शुक्ला उपस्थित रहे। इसके अलावा खेल युवक कल्याण विभाग के रामचंद्र यादव, मिथिलेश नेता, दिनेश चंदेल, खेलन प्रसाद सहित अनूपपुर जिले के समस्त खेल शिक्षक मौजूद रहे। खिलाड़ियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय से डॉ. राहुल मिश्रा के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य दल भी उपस्थित था।